**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of August, 2023.**

The National Security Strategies Conference (NSSC)-2023 under the Chairmanship of Hon'ble Home Minister was held on 24th & 25th, August, 2023 to discuss contemporary security issues.

2. Union Home Secretary chaired a meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC), on 09.08.2023 to consider following two flood mitigation proposals:

(i) Integrated Urban Flood Management for Chennai Corporation (GCC) under Urban Flooding Risk Management programme for the city of Chennai having financial outlay of Rs. 561.29 Crore (With Central assistance of Rs. 500 crore) and;

(ii) Urban Flood Management Programme from Ahmedabad Municipal Corporation (AMC) under Urban Flooding Risk Management programme for the city of Ahamedabad having financial outlay of Rs. 277.78 Crore (With Central assistance of Rs. 250 crore).

3. Union Home Secretary held a meeting on 11.08.2023 at New Delhi with UK Minister of State for Security.

4. A total of Rs. 36.87 crore was released to CAPFS under Civic Action Programme (CAP) in LWE affected areas and to Indian Air Force on account of Airlift provided for Anti-LWE Operations under Assistance to Central Agencies for LWE Management (ACALWEM) Scheme.

5. In order to re-enact and replace (i) The Indian Penal Code, 1860 with a new Bhartiya Nyaya Sanhita Bill, 2023 (ii) The Code of Criminal Procedure, 1973 with a new Bhartiya Nagrik Suraksha Sanhita Bill, 2023 and (iii) The Indian Evidence Act, 1872 with the new Bhartiya Sakshya Adhiniyam Bill, 2023, three Bills have been introduced in the Lok Sabha on 11th August, 2023. These Bills have been further referred to the Department related Parliamentary Standing Committee on Home Affairs for consideration and report.

6. The concurrence of Central Government was accorded for release of 19 prisoners as part of special remission to certain categories of prisoners.

7. On the occasion of Independence Day-2023 the following medals have been awarded to the Police personnel of various States/UTs/ CAPFs/CPOs:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | President's Police Medal for Gallantry | : | 01 Nos. |
| (ii) | Police Medal for Gallantry | : | 229 Nos |
| (iii) | President Police Medal for Distinguished Service | : | 82 Nos. |
| (iv) | Police Medal for Meritorious Service | : | 645 Nos. |

8. On 12th August, 2023 total 140 officials of State/ Central Intelligence Agencies have been awarded "Union Home Minister's Medal for Excellence in Investigation for the year -2023".

9. Meeting of High-Powered Committee (HPC) was held on 11.08.2023 to consider the Action Plan proposals of the financial year 2023-24 pertaining to 03 States' namely, Karnataka, Punjab and Uttar Pradesh and One UT of Ladakh under the Scheme of Assistance to States & UTS for Modernization of Police (ASUMP). An amount of Rs. 5.09 crore has been released to the State Government of Karnataka under the ASUMP Scheme, vide Ministry's Sanction Order dated 31.08.2023.

10. NOC issued for change in the name of the name of village "Ghotoi" as "Qhitohe", "Hukpong" as "Hukphang" and "Yaong Phom" as "Yaongyimchen" in Nagaland.

11. 5th Executive Committee Meeting was held on 22.08.2023 under the Chairpersonship of Special Secretary (Internal Security) regarding NCORD.

12. A review meeting under Special Secretary (Internal Security) was held on 02.08.2023 of SRE Standing Committee for J&K to evaluate the progress of many proposals. Based on recommendation, it was decided that works/proposals of UT of J&K are considered as per their operational requirements. Status of funds utilization of various projects was apprised by DG, J&K.

13. Hon'ble President of India has approved 101 awards to the Fire Service, Home Guards and Civil Defence personnel on the occasion of the Independence Day, 2023.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | President's Fire Service Medal for Gallantry | : | 03 |
| (ii) | Fire Service Medal for Gallantry | : | 01 |
| (iii) | Present's Fire Service Medal for Distinguished Service | : | 08 |
| (iv) | Fire Service medal for Meritorious Service | : | 41 |
| (v) | Present's HG & CD Medal for Distinguished Service | : | 05 |
| (vi) | Home Guards & Civil Defence Medal for Meritorious Service | : | 43 |

14. Funds to the tune of Rs. 389.27 Crore was released to the State Government of Himachal Pradesh under National Disaster Response Fund (NDRF).

****

**गृह मंत्रालय की अगस्त, 2023 की प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और कार्यक्रम।**

वर्तमान सुरक्षा योजना मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिनांक 24 और 25 अगस्त, 2023 को माननीय गृहमंत्री जी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यनीति सम्मेलन- 2023 का आयोजन किया गया।

2. निम्नलिखित दो बाढ़ शमन प्रस्ताओं पर विचार करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की उप-समिति (एससी-एनईसी) की बैठक दिनांक 09.08.2023 को आयोजित की गई

(i) वित्तीय परिव्यय 561.29 करोड़ रुपये (500 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता सहित) से चेन्नई शहर के लिए शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम के तहत चेन्नई निगम (जीसीसी) के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन और

(ii) वित्तीय परिव्यय 277.78 करोड़ रुपये (250 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता सहित) से अहमदाबाद शहर के लिए शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम के तहत अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) से शहरी बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम।

3. केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक11.08.2023 को यूके के मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर सिक्योरिटी के साथ नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की।

4. एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों में नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम के अंतर्गत सीएपीएफ को तथा एलडब्ल्यूई प्रबंधन के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना (एसीएएलडब्ल्यूईएम) के तहत एलडब्ल्यूई-रोधी ऑपरेशनों के लिए एयरलिफ्ट सुविधा प्रदान करने के लिए भारतीय वायुसेना को कुल 36.87 करोड़ रुपये जारी किए गए।

5. (i) भारतीय दंड संहिता, 1860 को एक नए भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 से (ii) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 को एक नए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 से तथा (iii) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 को एक नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम विधेयक, 2023 से प्रतिस्थापित करने तथा उनको पुन: अधिनियमित करने के लिए, दिनांक 11 अगस्त, 2023 को लोक सभा में तीन विधेयक प्रस्तुत किए गए है। बाद में, ये विधेयक गृह मंत्रालय की विभाग संबद्ध संसदीय स्थायी समिति को विचार करने एवं रिपोर्ट देने के लिए भेजे गए है।

6. कुछ श्रेणियों के कैदियों की विशेष छूट के भाग के रूप में 19 कैदियों को छोड़ने के लिए केंद्र सरकार की सहमति प्रदान की गई।

7. स्वतंत्रता दिवस-2023 के अवसर पर, विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल/केंद्रीय पुलिस संगठनों के विभिन्न पुलिस कर्मियों को निम्नलिखित मैडल प्रदान किए गए-

| | | |
|---|---|---|
| (i) शौर्य के लिए राष्ट्रपति पुलिस मैडल | : | 01 |
| (ii) शौर्य के लिए पुलिस मैडल | : | 229 |
| (ii) विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस मैडल | : | 82 |
| (iv) सराहनीय सेवा के लिए पुलिस मैडल | : | 645 |

8. दिनांक 12 अगस्त, 2023 को राज्य/केंद्रीय आसूचना एजेंसियों के कुल 140 कर्मचारियों को ''वर्ष 2023 के लिए अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री मेडल'' प्रदान किया गया।

9. पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता योजना (एएसयूएमपी) के अतर्गत एक संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख तथा 03 राज्यों-कर्नाटक, पंजाब व उत्तर प्रदेश से संबंधित वित्तीय वर्ष 2023-24 के कार्य योजना प्रस्तावों पर विचार करने के लिए दिनांक 11.08.2023 को उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई। मंत्रालय के दिनांक 31.08.2023 के स्वीकृति आदेश के तहत्, कर्नाटक राज्य सरकार को एएसयूएमपी योजना के अन्तर्गत 5.09 करोड़ रुपये की राशि दी गई।

10. नागालैंड में गाँव घोटाई का नाम बदलकर "क्यूहिटोहे" "हुकपोंग का "हुकफांग" तथा ''याओंगफोम'' का ''याओंगिमचेन'' करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया।

11. दिनांक 22.08.2023 को एनसीओआरडी से संबंधित विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) की अध्यक्षता में 5वी कार्यकारी समिति बैठक आयोजित की गई।

12. दिनांक 02.08.2023 को विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) की अध्यक्षता में विभिन्न प्रस्तावों की प्रगति के मूल्यांकन के लिए जम्मू और कश्मीर के लिए सुरक्षा संबंधी व्यय से संबंधित स्थायी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिफारिशों के आधार पर, यह निर्णय लिया गया कि जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के कार्यों/प्रस्तावों पर उनके ऑपरेशन संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार विचार किया गया है। महानिदेशक, जम्मू और कश्मीर ने विभिन्न परियोजनाओं की निधि उपयोग की स्थिति से अवगत कराया।

13. भारत के आदरणीय राष्ट्रपति जी ने स्वतंत्रता दिवस, 2023 के अवसर पर अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा कर्मियों के लिए 101 पुरस्कारों को मंजूरी दी है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | शौर्य के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक | : | 03 |
| (ii) | शौर्य के लिए अग्निशमन सेवा पदक | : | 01 |
| (iii) | विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक | : | 08 |
| (iv) | सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक | : | 41 |
| (v) | विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का एचजी और सीडी पदक | : | 05 |
| (vi) | सराहनीय सेवा के लिए होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा पदक | : | 43 |

14. राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को 389.27 करोड़ रुपये की निधियां जारी की गई।

****